# कार्यालयःजिलासेवायोजनअधिकारी, चम्पावत।

(जिला पंचायतकार्यालय परिसर, पिथौरागढ़ रोड)

फोन नं0–05965-297303 ई–मेल: deechp99@gmail.com


## प्रेस विज्ञप्ति (वृहद रोजगार मेला)

पत्रांक :– 1556-67 /रो0मे0/विज्ञप्ति/2025–26/ दिनांक:– 30–10–2025

उत्तराखण्ड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिला सेवायोजन कार्यालय, चम्पावत द्वारा 08–11–2025 (शनिवार) को राजकीय महाविद्यालय परिसर, टनकपुर में एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में अशोका लीलेंड, हेथा ऑरगेनिक, पुखराज हेल्थ केयर, एक्सिस बैंक, युवा शक्ति फॉउण्डेशन, लावा इन्टरनेशनल, एच0डी0एफ0सी0 बैंक, एस0बी0आई0 लाईफ इन्श्योरेंस सहित 20 से अधिक कम्पनियों के एच0आर0 प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया जाना है, जिसमें लगभग 2500 रिक्तियों के सापेक्ष बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन लिखित/साक्षात्कार परीक्षा के माध्यम से किया जाएगा। जिसमें हॉईस्कूल, इण्टरमीडिएड ITI डिप्लोमा, स्नातक, परास्नातक, बी0टैक आदि योग्यताधारी अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा। आयु सीमा 18 से 30 वर्ष तथा वेतनमान 10000 से 25000 रू0 तक निर्धारित है। कार्यस्थल, चम्पावत, टनकपुर, खटीमा, पंतनगर, रूद्रपुर दिल्ली, नोएडा, गुरूग्राम एवं बंगलौर है। इच्छुक अभ्यर्थी अपने शैक्षिक योग्यता के समस्त प्रमाण पत्रों की छायाप्रतियाँ, बायोडाटा व दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ निर्धारित तिथि में राजकीय महाविद्यालय, टनकपुर में पूर्वाह्न 9.00 बजे उपस्थित होने का कष्ट करे। इसके लिए उन्हें कोई मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के इच्छुक अभ्यर्थी अपना पंजीकरण **National Career Service Portal** (www.ncs.gov.in) पर अनिवार्य रूप से करना सुनिश्चित करें। रोजगार मेले की अधिक जानकारी हेतु फोन नम्बर **05965–297303, एवं 7830860575, 8445855555** पर सम्पर्क किया जा सकता है।

पंजीकरण हेतु निम्न Q R कोड का प्रयोग करें।

भवदीय,

(आर0के0 पन्त)
जिला सेवायोजन अधिकारी
चम्पावत।

**प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. जिलाधिकारी महोदय, चम्पावत को सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।
2. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, चम्पावत को सादर सूचनार्थ।
3. निदेशक महोदय सेवायोजन, निदेशालय हल्द्वानी (नैनीताल)।
4. निदेशक, ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम इंजीनियरिंग कालेज टनकपुर, को व्यापक प्रचार प्रसार हेतु प्रेषित।
5. समस्त प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, जनपद चम्पावत को व्यापक प्रचार प्रसार हेतु प्रेषित।
6. मुख्य शिक्षा अधिकारी चम्पावत को इस अनुरोध के साथ कि खण्ड शिक्षा अधिकारियों के माध्यम से आवश्यक प्रचार प्रसार हेतु प्रेषित।
7. समस्त प्रधानाचार्य, आई0टी0आई0, जनपद चम्पावत/समस्त प्रधानाचार्य राजकीय पॉलिटैक्निक जनपद चम्पावत को प्रचार प्रसार हेतु सादर प्रेषित।
8. जिला पंचायत राज अधिकारी, चम्पावत को इस निवेदन के साथ प्रेषित की सम्बन्धित सहायक विकास अधिकरियों तथा ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों के माध्यम से उक्त भर्ती मेले हेतु अपने–अपने क्षेत्रों में प्रचार–प्रसार करवाने का कष्ट करें।
9. समस्त खण्ड विकास अधिकारी, जनपद चम्पावत को इस निवेदन के साथ प्रेषित की उक्त भर्ती मेले का अपने क्षेत्रों में व्यापक प्रचार प्रसार कराने का कष्ट करें।
10. जिला सूचना अधिकारी, चम्पावत को स्थानीय समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशनार्थ प्रेषित।
11. चीफ ब्यूरो, अमर उजाला/दैनिक जागरण/हिन्दुस्तान/को इस अनुरोध के साथ कि उपरोक्त विज्ञप्ति को जनहित में अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।
12. समस्त नियोजक/HR को इस निर्देश के साथ प्रेषित की, **NCS PORTAL** (www.ncs.gov.in)में अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें तथा अन्तिम चयनित अभ्यर्थियों की सूची नाम/मोबाईल नं0 सहित 07 दिनो के भीतर इस कार्यालय को उपलब्ध करायेंगे।

30.10.25

जिला सेवायोजन अधिकारी,
चम्पावत।